बरेली, रविवार
28 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 24+4+4=32

दैनिक जागरण

PAGE NO. 12 : MIDDLE

निशांत, मोहित और आकृति सिंह ने लहराया परचम

जोनल फेस्ट में तीनों खिलाड़ियों ने जीते सात गोल्ड मेडल

जागरण संवाददाता, बरेली : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से फ्यूचर इंस्टीट्यूट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित दो दिवसीय जोनल फेस्ट-2018 का शनिवार को समापन हुआ। फेस्ट में दो-दो स्वर्ण पदक जीतने वाले फ्यूचर इंस्टीट्यूट के निशांत सिंह राजपूत, एमआइटी मुरादाबाद के मोहित अग्रवाल को पुरुष वर्ग और महिला वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली एसआरएमएस की आकृति सिंह को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी अब लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बरेली जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट-2018 के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए

जैवलिन थ्रो पुरुष वर्ग में एमआइटी के सुकांत और महिला वर्ग में एसआरएमएस की प्रियांशी सिंह ने स्वर्ण जीता। जबकि फ्यूचर की आषी को रजत पदक मिला। 800 मीटर रेस में फ्यूचर की प्रियांषा अग्रवाल को स्वर्ण पदक मिला। 400 मीटर दौड़ में फ्यूचर की हिना कन्नौजिया को स्वर्ण, टेबिल टेनिस के पुरुष वर्ग में एमआइटी मुरादाबाद को स्वर्ण मिला। शतरंज में फ्यूचर के अमन चंद्रा स्वर्ण पदक विजेता बने। इसके बाद सभी विजेताओं को पुरस्कार और ट्राफी दी। संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता एवं महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने स्पोर्ट्स फेस्ट की मशाल को बुझाकर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. रितेश सक्सेना, डॉ. केपीएस चौहान, डॉ. हेमेंद्र गौतम, डॉ. एमके सिंह, डॉ. केपी गंगवार, अमित चंद्रा, डॉ. शाहीन परवेज, डॉ. अभिषेक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

प्रोफेशनल कोर्स का भरें परीक्षा फॉर्म: एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रोफेशनल कोर्स के विद्यार्थियों से परीक्षा फॉर्म भरने का आह्वान किया है। बीबीए, बीसीए, एलएलबी, बीएससी गृह विज्ञान, कृषि, कंप्यूटर साइंस, बायो टेक्नोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, बीकॉम ऑनर्स, वित्त, फाइनेंशियल सर्विस, कंप्यूटर, बीलिब, एमलिब, एमएससी कृषि, गृहविज्ञान आदि कोर्स के परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं। वहीं, एमबीबीएस, बीएएमएस, एमएस और एमडी के परीक्षा फॉर्म की तिथि बढ़ाकर 28 अक्टूबर तक कर दी गई है। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी मेडिकल छात्र 29 अक्टूबर को अपने कॉलेज में जमा करेंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि वेबसाइट ओपन है, विद्यार्थी तत्काल अपना परीक्षा फॉर्म भर दें।